**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी। दोपहर बाद आसमान में हल्के बादल छा सकते हैं।
43.1⁰ अधिकतम तापमान | 31.⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 :56

# भाई की डांट से क्षुब्ध दो बहनों ने कुएं में कूद जान दी

## परिवार में दो ही थीं बेटियां, रो-रो कर बेहाल रहे परिजन, राजापुर थाना क्षेत्र के नांदिन कुर्मियान गांव की घटना

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भाई की डांट-फटकार से दो बहनें इतनी आहत हो गईं कि घर से निकल गईं। परिजनों ने दोनों की खोजबीन की और न मिलने पर गुमशुदगी दर्ज कराई। बाद में दोनों के शव एक कुएं से बरामद किए गए। दो-दो बेटियों की मौत से घर में हाहाकार मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिल दहलाने वाली यह घटना राजापुर थानांतर्गत नांदिन कुर्मियान गांव की है।

गांव निवासी दीपक सिंह पुत्र ज्ञान सिंह ने बिलखते हुए बताया कि गांव में एक घर में रामायण का पाठ हो रहा था। वहां से शुक्रवार की भोर लगभग तीन बजे जब वह घर लौटा तो देखा कि दोनों बहनें सोमवती (23) व अनामिका उर्फ खुशबू (18) जाग रही थीं। उसने उन्हें देर तक जागने के लिए डांटा और सोने के लिए कहकर खुद भी सोने चला गया। सुबह जब नींद खुली तो पाया कि दोनों बहनें घर पर नहीं हैं। परिवार के लोगों ने खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला। नाते-रिश्तेदारों में भी पता किया पर मायूसी मिली। इसके बाद शनिवार की देर शाम राजापुर थाने में दोनों की गुमशुदगी दर्ज कराई। बताया कि रविवार सुबह करीब 10 बजे गांव के कुछ लोगों ने उनके पुराने घर के पास के कुयें में एक शव उतराते देखा तो उनको बताया। पुलिस को सूचना दी तो अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय, क्राइम इंस्पेक्टर राजापुर विनोद कुमार, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्यामप्रताप पटेल, सरधुआ आशुतोष तिवारी, क्राइम इंस्पेक्टर सरधुआ अंजनी कुमार सिंह के साथ भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

फायर सर्विस के जवानों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद शव निकाला तो परिजन दहाड़े मारकर रो पड़े। शव सोमवती का था। करीब एक घंटे बाद गोताखोरों द्वारा कुएं में डाले गए कांटे में अनामिका का शव भी फंस गया। दोनों के शव बाहर आए तो परिजन उनसे लिपटकर रो पड़े। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर एसपी ने बताया कि दोनों बहनों ने डांट से क्षुब्ध होकर कदम उठाया है।


वह कुआं, जिसमें कूदकर दोनों बहनों ने दे दी जान। अमृत विचार


मृतक बहनों के घर में लगी भीड़। अमृत विचार

### दोनों बहनें करती थीं पढ़ाई

दीपक ने बताया कि दोनों बहनें अभी पढ़ाई कर रही थीं। बड़ी बहन सोमवती बीए की छात्रा थी। छोटी बहन अनामिका स्व. महादेव इंटर कॉलेज में इंटरमीडियट में पढ़ रही थी। दोनों की मौत से गांव में मातम पसर गया।

### घर के पास के कुएं से मिले शव

- दुखद बात यह रही कि परिजन दोनों बहनों का पता पास पड़ोस और रिश्तेदारों में लगाते रहे। जबकि जिस कुयें में दोनों के शव मिले, वह इनके घर से कुछ ही दूरी पर है। परिजनों का रोरोकर हाल बेहाल था कि अगर समय रहते कुयें में देख लेते तो शायद दोनों बेटियां जीवित होतीं।

### आशंका नहीं थी कि यह कदम उठाएंगी

- दीपक ने रोते बिलखते बताया कि उसके दो ही बहनें थीं। उसे यह आशंका नहीं थी कि दोनों बहनें यह कदम उठा लेंगी नहीं तो न डांटता। बहनों की मौत से मां शांति देवी, छोटे भाई कुलदीप सिंह आदि का हाल बेहाल हो गया।


बेटियों की मौत से दुखी माता-पिता। अमृत विचार

## एक नजर

### पिता की गुहार, पुत्री को नहीं रहने दे रहे ससुराली

**मऊ (चित्रकूट)।** थानांतर्गत बियावल गांव के मजरे काशीनाथ का पुरवा निवासी मैयादीन ने कोतवाली में तहरीर देकर अपनी बेटी के ससुरालीजनों पर घर में न रहने देने का आरोप लगाया है। मैयादीन ने बताया कि उसकी बेटी आरती देवी ने 27 मई को प्रयागराज में आर्यसमाज पद्धति से गांव निवासी एक युवक से शादी की थी। बताया कि उसका दामाद और पुत्री साथ में रहना चाहते हैं पर दामाद की मां और भाई उसे रखने को तैयार नहीं। सात जून की शाम इन लोगों ने उसे घर से निकाल दिया है। ये लोग उसे धमकी दे रहे हैं कि अगर उसकी पुत्री घर में रहेगी तो जान से मार देंगे।

### कुलपति बैठक में शामिल

**सीतापुर (चित्रकूट)।** भोपाल में बीते दिन हुई मध्य प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद की बैठक में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि के कुलपति प्रो. भरत मिश्रा भी शामिल हुए। बताया कि बैठक में शिक्षा को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। इसकी अध्यक्षता उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने की।

## विभिन्न मामलों में आठ गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने सात वारंटियों और एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के एसआई श्याम देव सिंह ने वारंटी आरोपियों सुनील पुत्र सुकरू, छोटा पुत्र महादेव रैकवार, पप्पू पुत्र मुन्ना रैकवार, कामता पुत्र महादेव रैकवार निवासीगण शंकर बाजार को गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के एसआई दिनेश कुमार ने वारंटी धर्मेंद्र गुप्ता निवासी भौंरी हाल पता ग्राम बसिला को गिरफ्तार किया।

बहिलपुरवा थाने के एसआई जनार्दन प्रताप सिंह ने जीआरपी कर्वी के वारंटी रवि पुत्र बृजलाल निवासी चुनकावन का पुरवा मजरा कर्का पड़रिया, सरधुआ थाने के एसआई चंद्रमणि ने वारंटी अभियुक्त सिकंदर पुत्र ज्ञान निवासी दरसेड़ा, बरगढ़ थाने के एसआई रामाधार ने वांछित जुनेद अहमद पुत्र स्व. जुबेर अहमद निवासी लखनपुर थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया।

### तीन वारंटी आरोपियों को पकड़ा

चित्रकूट। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन वारंटी आरोपी गिरफ्तार किए। पहाड़ी थाने के एसआई परशुराम यादव ने गोवध निवारण अधिनियम के वारंटी राजन रैदास पुत्र घनश्याम निवासी नांदी को गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के एसआई राजोल नागर ने आबकारी अधिनियम के वारंटी प्रेमचंद्र उर्फ बुलबुल पुत्र रामगोपाल कुशवाहा निवासी सुभाषनगर और चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने वारंटी अमानत पुत्र इद्दू बक्स निवासी मुस्लिमपुरवा को पकड़ा।


तीर्थक्षेत्र में सफाई में जुटे युवा। अमृत विचार

## भीषण गर्मी सहकर भी सफाई में जुटे रहे युवा

संवाददाता,सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में भी कामदगिरि स्वच्छता समिति की अगुवाई में युवाओं ने तीर्थक्षेत्र में सफाई अभियान जारी रखा। युवाओं ने रामदर्शन के आसपास साफसफाई की। अभियान की अगुवाई पालिका के ब्रांड एंबेसडर और समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने की। जितेंद्र केशरवानी, अंकुर केशरवानी, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा, वीरेंद्र, सनी, रामसिया, दीपक, मालिक, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, विजय आदि ने सहयोग किया।

## महिला के घर में कब्जे का आरोप

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली अंतर्गत एक गांव की महिला ने डीजीपी को पत्र भेजकर गांव के कुछ लोगों पर उसके घर में कब्जा करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आठ जून की रात ये लोग उसके कच्चे घर का ताला तोड़कर भूसा रखने लगे। जब उसने मना किया तो इन लोगों ने गालियां दीं और गला दबाकर हत्या करने का प्रयास करने लगे। इस बीच चीख-पुकार सुनकर लोग पहुंचे तो आरोपी उसके घर में अपना ताला जड़कर चले गए। आरोप लगाया कि ये लोग पहले भी उसके साथ मारपीट, गालीगलौज और छेड़खानी कर चुके हैं। इसकी शिकायत थाने में किए जाने के बाद भी कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। उसने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की गुहार की है।

# नेताओं में अहंकार से हुआ यह हाल : चंद्रप्रकाश खरे

संवाददाता, चित्रकूट

- निवर्तमान जिलाध्यक्ष बोले, नुक्कड़ सभाओं की हुई फर्जी रिपोर्टिंग

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे का मानना है कि जिले के बड़े नेताओं में अहंकार आ गया, समय से डैमेज कंट्रोल नहीं किया गया, नुक्कड़ सभाओं की फर्जी रिपोर्टिंग की गई, स्वयंभू बनने के चक्कर में कार्यकर्ताओं को महत्व नहीं दिया गया, कई नेताओं की उपेक्षा की गई, जिसकी वजह से जिले में भाजपा का यह हाल हुआ।

गौरतलब है कि जिले में इस चुनाव में भाजपा का हाल बहुत बुरा रहा। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में वह तीसरे नंबर पर खिसक गई। चंद्रप्रकाश खरे इस हालत के लिए कई वजहों को जिम्मेदार बताते हैं। उन्होंने कहा कि यह निश्चित है कि किसी भी काम में सबसे बड़ी जिम्मेदारी मुखिया की होती है। संगठन का कैसा उपयोग करना है, यह वही तय करता है। इस बार ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी के उस बयान कि मुझे पराजित टीम मिली, पर रोष जताते हुए कहा कि यह वही टीम है, जिसने उनके नेतृत्व में पार्टी को कई जीतें दिलाईं। उन्होंने कहा कि चंद्रिका प्रसाद को लेकर उन्होंने प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व से अनुरोध किया था कि उनको मानिकपुर से लड़ाया जाए। चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में उनको लेकर हवा ठीक नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह जिलाध्यक्ष थे तो खुद के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिकाध्यक्ष, सांसद और आम कार्यकर्ता सभी को काम पर लगाए रखते थे। उन्होंने कहा कि वह भाजपा प्रत्याशी की इस बात का भी जोरदार खंडन करते हैं कि उनको ब्राह्मण वोट नहीं मिला। उनका (चंद्रप्रकाश) गांव ओरा है, जहां ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या ज्यादा है, और वहां भाजपा को बहुत वोट मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि नुक्कड़ सभाओं की फर्जी रिपोर्टिंग की गई। 100-125 नुक्कड़ सभाओं की बात की गई और वास्तविकता में एक भी नहीं। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन पर सवाल इसलिए नहीं उठाया जा सकता कि वह नेतृत्व का निर्णय था। चंद्रप्रकाश ने साफ कहा कि इस बार जो हालत हुई है, वह शर्मनाक है। जिले के कई बड़े नेता और पदाधिकारियों को चिह्नित करके उन पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है, जो अपने बूथों में तक पार्टी को जीत नहीं दिला पाए। संगठन को फिर से गठन करना होगा। हालांकि यह सब प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व को तय करना है।


चंद्रप्रकाश खरे।

### मैं होता तो यह हाल न होता

चंद्रप्रकाश खरे ने गिनाया कि अगर विधानसभा चुनाव में चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय की हार को दरकिनार कर दिया जाए तो उनके नेतृत्व में पार्टी ने जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिकाध्यक्ष, पांच ब्लाक प्रमुखों आदि के चुनाव जीते हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले कभी भी पालिका में भाजपा के इतने वार्ड मेंबर चुनकर नहीं पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि वह जिलाध्यक्ष होते तो जिले में पार्टी को कम से कम दस हजार मतों की लीड मिलती।

### असंतोष शांत किया जा सकता था

चंद्रप्रकाश ने कहा कि भाजपा का जिला नेतृत्व और नेता चाहते थे तो ब्राह्मण समुदाय का असंतोष शांत किया जा सकता था। सवाल किया, वृंदावन गार्डन में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में भैंरो प्रसाद के खिलाफ बोलने की क्या जरूरत थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आगमन पर जिले के ब्राह्मण वर्ग के नेताओं को मंच पर स्थान क्यों नहीं दिया गया। मंच से नड्डा जी ने चंद्रिका जी का नाम नहीं बुलाया, आखिर लिस्ट तो यहीं के किसी नेता ने दी होगी। चंद्रप्रकाश ने कहा कि परशुराम जयंती पर हुए ब्राह्मणों के एक कार्यक्रम में अगर पार्टी के भी नेता जाते तो एक संदेश जाता पर ये नहीं गए। उपेक्षा की वजह से कई बड़े नेता घरों से नहीं निकले।

# दुकान में आग से लाखों का नुकसान

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत गनीवा में एक किराना दुकानदार की दुकान में आग ने लाखों का सामान राख कर दिया। उसका घर और गृहस्थी का सामान भी आग की भेंट चढ़ गया।

गनीवा निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता अपने घर के बाहर वाले कमरे में किराने की दुकान किए है। रोज की तरह पूरा परिवार दुकान बंद कर खाना खाने के बाद सो रहा था। अचानक रात लगभग साढ़े 10 बजे आग की तेज लपटें देख पड़ोसियों ने चिल्लाकर प्रदीप और उसके परिवार को जगाया। जबतक लोग मिलकर आग पर काबू पाते आग ने पूरे घर को आगोश में ले लिया था।


आग से हो गया सामान बर्बाद। अमृत विचार

- घर में ही थी दुकान, गृहस्थी का सामान भी राख

प्रदीप के अनुसार, आग से दुकान में रखे 25 हजार रुपये र किराने सारा सामान राख हो गया। इसके साथ ही घर-गृहस्थी भी नष्ट हो गई। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई और ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में जुट गए। जब तक दमकल गाड़ी पहुंचती तब तक वह बर्बाद हो चुका था। चौकी इंचार्ज गनीवा अनिल कुमार सिंह ने भी पुलिसकर्मियों के साथ आग बुझाने में मशक्कत की। उधर, राजस्व निरीक्षक कैलाश शुक्ला और लेखपाल शारदा संगम ने नुकसान का आकलन किया और हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## मंदाकिनी में स्नान के दौरान डूब गया युवक, हुई मौत

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

- नहीं थम रहा डूबकर मौतों का सिलसिला

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र में बाहर से आए युवकों के मंदाकिनी में डूबकर मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा। बीते माह दो युवकों की मौत के बाद रविवार को एक और युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। यह युवक कानपुर निवासी था।

जानकारी के मुताबिक, रंजीत शर्मा (32) पुत्र सुरेश शर्मा निवासी यशोदानगर नौबस्ता (कानपुर) अपने दो अन्य मित्रों के साथ चित्रकूट आया था। रविवार को तीनों का नदी में नहाने का कार्यक्रम बना। ये लोग जानकी कुंड में आरोग्य धाम घाट नहाने पहुंचे। वहां नहाते नहाते रंजीत गहराई में चला गया और डूब गया। इसे देखकर दोस्त चिल्लाए। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे लोगों की मदद से बाहर निकाला पर उसकी सांसें थम चुकी थीं। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी का रो-रो कर बुरा हाल रहा। गौरतलब है कि इससे पूर्व मई में भी प्रमोदवन घाट और राघव प्रयाग घाट में डूबने से दो युवकों की जान जा चुकी है।

# शहर की नई बस्तियों को मिलेगा पानी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- गौरा देवी और सरदार पटेल कॉलेज के निकट नलकूपों की होने लगी बोरिंग

**अमृत विचार।** शहर के दो मोहल्लों की करीब एक हजार आबादी पिछले कई सालों से पानी के लिए परेशान रही। यहां पाइप लाइनों का विस्तार नहीं हुआ। पेयजल को लेकर शहर की नई बस्तियों के लोगों ने आवाज उठाई। तो ले देकर ने नलकूप गौरादेवी और सरदार पटेल कॉलेज के आसपास की बस्ती को संतृप्त करने के लिए उन्हें स्थापित करने को जल संस्थान ने बोरिंग करानी शुरू कर दी है।

शहर में मौजूदा समय में जल संस्थान के अधीन 17 नलकूप हैं। इनमें कालपी चौराहा, कजियाना, कल्पवृक्ष, इस्लामियां कॉलेज, कलेक्ट्रेट, जिला अस्पताल, सुभाष बाजार, रमेड़ी, लक्ष्मी बाई तिराहा, पुराना तहसीलदार बंगला, मेरापुर, भिलावा, जरैली मड़ैया व दो जल संस्थान कैंपस में हैं। इन नलकूपों के जरिए शहर की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन शहर में नई बस्तियां तेजी से बढ़ रही हैं। सरदार पटेल कॉलेज के आसपास करीब पांच सौ परिवार रहते हैं। पिछले करीब 10 से बस्ती आबाद हो रही है। लेकिन इस बस्ती में अभी पेयजल के इंतजाम जल संस्थान की ओर से नहीं किए गए हैं। नई बस्तियों में पाइप लाइन नहीं है। ज्यादातर परिवार अपने मकानों में सबमर्सिबल लगा कर पानी पी रहे हैं। इसी तरह गौरादेवी नई बस्ती का हाल है। यहां के करीब छह सौ परिवारों को जल संस्थान पानी नहीं दे रहा है। ब्रह्मा का डेरा में भी यही हालात है। लोकसभा चुनाव खत्म होते पेयजल संकट दूर करने में जल संस्थान जुट गया है। जल संस्थान के अवर अभियंता विश्वेंद्र कुमार ने बताया कि गौरा देवी, गांधी नगर और सरदार पटेल क्षेत्र में भ्रमण किया। बताया कि दोनों स्थानों पर दो नए नलकूप लगाने के लिए बोरिंग कार्य शुरू कराया गया है। इससे इन इलाकों के सैकड़ों परिवारों को लाभ मिलेगा। बताया कि एक नलकूप को लगाने में करीब 25 लाख रुपये का खर्च आएगा। नई बस्तियों में पाइप लाइनें डाली जाएंगी।

**कार्यशाला** | अधिवक्ताओं ने दी पुलिसकर्मियों को जानकारी

# एक जुलाई से लागू हो जाएंगे कई नए कानून

कार्यालय संवाददाता,चित्रकूट

**अमृत विचार।** एक जुलाई से पूरे देश में कई नए कानून अस्तित्व में आ जाएंगे। पुलिस अधिकारियों को इनकी जानकारी देने के लिए रविवार को राघव प्रेक्षागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को इनकी जानकारी दी।

पुलिस महानिदेशक के आदेश के तहत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने की। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी भी मौजूद रहे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने विधि विशेषज्ञों का स्वागत किया। कार्यशाला में विधि विशेषज्ञों, अभियोजन अधिकारियों, शासकीय अधिवक्ताओं ने थाना/कार्यालयों के निरीक्षकों, उप निरीक्षकों, दीवान/मुंशियों एवं सीसीटीएनएस का काम देख रहे पुलिसकर्मियों को नए कानूनों के बारे में बताया। एक जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 की धाराओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) श्यामसुंदर मिश्रा, विधि विशेषज्ञ प्रो. एमपी तिवारी, प्रो. शिवशंकर सिंह, डा. पूर्णेंदू मिश्रा, अभियोजन अधिकारी शशिकांत, बृजमोहन, सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार सिंह, सिद्धार्थ सिंह एवं अन्य अभियोजन अधिकारी व शासकीय अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।


कार्यशाला में मौजूद अधिवक्ता और पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

# सपना को जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मेधावी खिलाड़ी सपना देवी ने लखनऊ में हुई खेल प्रतियोगिता में जैवलिन थ्रो में बढ़िया प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। उसने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया।

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चित्रकूटधाम मंडल विजय कुमार ने बताया कि 18 वर्ष के खिलाडियों के लिए बीते दिनों लखनऊ के साईं सेंटर में सातवां उत्तर प्रदेश युवा गेम्स का आयोजन हुआ। इसमें खेलो इंडिया की टीम में शामिल सपना देवी ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सपना का राष्ट्रीय स्तर के खेल में भी चयन किया गया। वह विलासपुर स्टेडियम में 15 जून से 17 जून तक इसमें प्रतिभाग करेंगी। क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि गंगा देवी, सुमन पाल, मुस्कान प्रजापति, अशोक कुमार, बुद्ध विलास, एस कुमार, बुद्ध विलास द्वितीय, धनंजय कुमार, अमित कुमार यादव, मनीष कुमार, सुरेश कुमार आदि ने सराहनीय प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेंद्र कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अखंड प्रताप यादव, उदयभान, एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव, अख्तर हुसैन, फिरोज अंसारी, सचिन, श्याम सुंदर यादव ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।


सपना देवी को गोल्ड मेडल देते अतिथि। अमृत विचार

## तीन लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

**बांदा।** पन्ना (मध्य प्रदेश) जिला के मकरी गांव निवासी सुखरानी (55) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। बबेरू कस्बा निवासी 5 वर्षीय सार्थक पुत्र राकेश ने खेल खेल में सीरप के धोके जहरीला पदार्थ पी लिया। मटौध थाना क्षेत्र के मरौली डेरा निवासी उर्मिला (18) पुत्री मुन्नूलाल ने मां की डाट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया।

### बहू और पौत्री का पता लगाने की गुहार

**मऊ (चित्रकूट)।** थानांतर्गत अनुसूचित जाति बस्ती निवासी नत्थूलाल ने एसपी को पत्र भेजकर अपनी दिव्यांग बहू और पौत्री का पता लगाने की गुहार की है। उसने बताया कि दोनों को गायब हुए काफी समय बीत गया पर पुलिस इनका पता नहीं लगा पाई।

# ग्रामीणों ने रुकवाया गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण

## लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से दस किलोमीटर सड़क पर डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- आगे-आगे बन रही और पीछे से उखड़ती जा रही है सड़क
- विभाग व ठेकेदार की साठगांठ से किया जा रहा है खेल


सड़क निर्माण को रोककर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील चरखारी के ग्राम रिवई से काकुन, मिठाइयां बम्होरी तक की दस किमी. की सड़क पर डामरीकरण के नाम पर लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत के चलते अवमुक्त धनराशि को ठिकाने लगाया जा रहा है। सड़क पर गिट्टी और मिट्टी डालकर डामरीकरण कर किया जा रहा है, जिससे आगे आगे निर्माण कार्य किय जा रहा और पीछे बनाई गई सड़क उखड़ती जा रही है। इसी के विरोध में ग्रामीण आक्रोशित हो गए और दर्जनों ग्रामीणों ने कार्य को रोकते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क गुणवत्ता की जांच कराए जाने की मांग की है।

बुन्देलखण्ड की प्रसिद्ध एवं सिद्ध पीठ काकुन के हनुमान के मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग के क्षतिग्रस्त व बड़े बड़े गड्ढे होने पर श्रद्धालुओं की मांग पर प्रशासन द्वारा रिवई काकुन होते हुए मठियाई बम्हौरी तक दस किलोमीटर सड़क पर डामरीकरण का कार्य लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से डामरीकरण का कार्य प्रगति पर है, लेकिन ठेकेदार द्वारा जिस तरह से लीपा पोती का कार्य किया जा रहा है, उससे ग्रामीणों में रोष पनप रहा है, जिससे नाराज आसपास के ग्रामीण हो रहे सड़क निर्माण कार्य को बंद कराकर विरोध प्रदर्शन करते हुए गुणवत्ताविहीन कराए जा रहे कार्य और विभाग व ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए हो रहे सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराए जाने की मांग की गई।

कीरतपुर के पूर्व प्रधान चतुर सिंह पटेल ने बताया कि सड़क पर डामरीकरण का कार्य मठियाई से शुरू किया गया है और ठेकेदार आगे काम करता जा रहा है और पीछे से सड़क उखड़ रही है। उन्होंने बताया कि गिट्टी और मिट्टी पर डामर डाला जा रहा है, जिससे पकड़ मजबूत न होने के कारण सड़क उखड़ती जा रही है और गड्ढों में तब्दील हो रही है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से पहाड़ों की गिटटी से लदे डंपर निकलते है और सड़क मानक के अनुरूप न बनाए जाने से जल्द ही पूरी सड़क बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो जाएगी। बताया कि किसी तकनीकी अधिकारी की निगरानी में कार्य न होने से ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए सड़क निर्माण कार्य को रुकवा दिया है।

# केंद्र प्रभारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, महोबा


जांच दौरान पूछताछ करते अधिकारी। अमृत विचार

- एडीएम के नेतृत्व में जांच समिति द्वारा की गई जांच में क्रेंद्र प्रभारी की असलियत उजागर हुई

**अमृत विचार।** पीसीएफ क्रय केंद्र अजनर में केंद्र प्रभारी द्वारा व्यापारियों से साठगांठ करके किसानों के बजाय व्यापारियों का खाद्यान्न खरीदे जाने के विरोध में भारतीय हलधर किसान यूनियन ने एक जून से पीसीएफ गोदाम परिसर अजनर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इसके बाद डीएम के आदेश पर एडीएम नमामि गंगे के नेतृत्व में जांच की गई, जांच के दौरान व्यापारियों का माल पाया गया, जिस पर पीसीएफ गोदाम प्रभारी अजनर दिनेश कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा थाना अजनर में दर्ज किया गया है। इससे पीसीएफ एवं अन्य गोदाम प्रभारियो में खलबली मच गई है। उधर मध्यप्रदेश से दलहन लेकर आए ट्रक के गोदाम के अंदर पहुंचने के बाद किसानों ने गोदाम के गेट पर ताला डाल दिया। मांग पूरी होने पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया।

मालूम हो कि पीसीएफ अजनर में किसानों की दलहन न खरीदकर व्यापारियों के दलहन की खरीददारी की जा रही थी और किसान खसरा खतौनी व अन्य कागजात लिए घूम रहे थे, इसके बाद भी उनका माल नहीं खरीदा जा रहा था। इसकी जानकारी होते ही भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जगन सिंह परिहार के नेतृत्व में एक जून से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। धरने में किसानों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम गठित की गई । जांच उपरांत क्रय केंद्र पर व्यापारियों का दलहन पाया गया। केंद्र प्रभारी विक्रय करने वाले व्यापारियों के कागजात जांच समिति को मुहैया नहीं करा सके, इतना ही नहीं मौके पर एक ट्रक दलहन से लदा खड़ा पाया गया।

जांच टीम ने जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी दी। डीएम के आदेश पर पीसीएफ के जिला प्रबंधक रज्जनलाल ने थाना अजनर में पीसीएफ क्रय केंद्र प्रभारी दिनेश कुमार के खिलाफ धारा 420, 419 के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद किसानों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। उधर पीसीएफ गोदाम अजनर में व्यापारियों का एक ट्रक माल लेकर पहुंच गया, जिसे किसानों ने क्रय केंद्र के मुख्य गेट पर ताला बंद कर दिया।

# विधवा महिला के घर से चोरों ने पार किए जेवर और नकदी

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सीसीटीवी कैमरे में दिखते दो चोर।

- दो चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम, सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद

**अमृत विचार।** थाना चरखारी के ग्राम अस्थौन में रात में एक विधवा महिला के मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने सोने चांदी के आभूषण और हजारों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। सुबह जब महिला उठी तो उसने अलमारी का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए और सीसीटीवी कैमरे में जाकर देखा तो दो चोर उसके घर पर चोरी कर रहे थे। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस सीसी टीवी के माध्यम से चोरी का खुलासा करने में जुट गई है।

ग्राम अस्थौन निवासी हाजरा खातून ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शनिवार की रात्रि वह खाना खाने के बाद सोने चली गई, तभी रात करीब दो बजे चोरों ने मकान के अंदर प्रवेश करते हुए कमरे में पहुंचे और अलमारी का लाक तोड़ते हुए उसमे रखे सोने चांदी के जेवर और बीस हजार रुपये चोरी कर भाग गए। पीड़िता जब सुबह उठी तो उसे चोरी की जानकारी हुई। अलमारी का लॉक टूटा देखा और छानबीन की तो उसमे रखी नकदी और आभूषण गायब मिले। पीड़िता ने मकान में लगे सीसी टीवी कैमरे में देखा कि रात करीब दो बजे दो लोग उसके घर के अंदर दीवार फांदकर आ गये और कुछ देख बाद सामान चोरी कर भाग गए। पीड़िता ने बताया कि चोर लगभग 20 हजार रुपये नकद और गहने लेकर फरार हो गए। महिला के प्रार्थना पत्र एवं फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की शिनाख्त में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक गणेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि महिला द्वारा उपलब्ध कराए साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तों की शिनाख्त कराई जा रही है ।

### घर के बाहर से बाइक चोरी

**महोबा।** कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम लाड़पुर निवासी राजेंद्र कुमार कुशवाहा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह रात्रि घर पर सो रहा था, तभी चोर घर के बाहर खड़ी बाइक चुरा ले गया। सुबह जब उठकर बाहर आया तो बाइक गायब मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का सुराग नहीं लग सका।

# अग्निशमन यंत्रों को परखा गया

कार्यालय संवाददाता, महोबा


अस्पताल का निरीक्षण करती अग्निशमन की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के चलते दिन प्रतिदिन बढ़ रही आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में लगे अग्निशमन यंत्रों का जायजा लिया साथ ही अस्पताल में आग से बचाव को लेकर की जा रही स्थाई व्यवस्था को भी परखा।

गौरतलब है कि जिले में आज कल गर्मी पूरे शबाब पर है। बढ़ते तापमान के चलते छोटी सी चिंगारी बड़ा रूप धारण कर लेती है, जिसके चलते आग की घटनाएं बढ़ रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए अग्निशमन अधिकारी ने जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष और वार्डों का निरीक्षण कर जायजा लिया। अस्पताल में चालू हालत में अग्निशमन लगे पाए गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी रेहान अली ने एक एक अग्निशमन यंत्र को चेक किया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि आग लगने पर कर्मचारी खबराएं नहीं बल्कि साहस का परिचय देते हुए अग्निशमन यंत्र हाथ में लेकर मौके पर चालू कर दें। चंद मिनट में आग बुझ जाएगी अग्निकांड की बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है। जिला अस्पताल के कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण देकर अग्निकांड की घटनाओं से बचने के गुर सिखाए।

# 14 जून को सेवा योजन कार्यालय में होगा रोजगार मेला

**महोबा।** शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराए जाने को लेकर जिला सेवा योजना कार्यालय में 14 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। एक दिवसीय रोजगार मेले में आधा दर्जन से अधिक निजी कंपनियों के लोगों द्वारा विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा और इसके बाद चयन प्रक्रिया के बाद उन्हें रोजगार मुहैया कराया जएगा। सेवा योजन अधिकारियों ने बताया गया कि शैक्षिक योगता के आधार पर विभिन्न पदों के लिए चयन किया जाएगा। 14 जून को सुबह दस बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नोएडा, आगरा, दिल्ली, हरियाणा सहित अन्य जगहों की सात कंपनियां मेले में आ रही है।

# महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

मिशन शक्ति

कार्यालय संवाददाता, महोबा


बाजार में महिलाओं और युवतियों को जानकारी देतीं पुलिस कर्मी। अमृत विचार

- पुलिस कर्मी बाजार, चौराहों और थानों पर महिलाओं को दे रहीं महिला हेल्प नंबरों की जानकारी

**अमृत विचार।** महिलाओं की सुरक्षा और उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए पुलिस प्रशासन तेजी से सजग है, जिसके चलते समय समय पर महिलाओं और छात्राओं को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा स्कूल, कालेजों, चौराहों व मुख्य बाजारों में बातचीत कर उसकी समस्या पूछी जाती है साथ ही उन्हें निडर होकर स्कूल कालेज और कोचिंग जाने के लिए प्रेरित किया जाता है साथ ही रास्ते में किसी मनचले व युवक द्वारा परेशान किए जाने पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला हेल्प लाइन के नम्बरों पर काल करके जानकारी दिए जाने के लिए प्रेरित किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबी बनाने के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़ भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/ छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कर्रवाई के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर हेल्पलाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए इनके प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई ।


रेल लाइन दोहरीकरण का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

# रेलवे लाइन दोहरीकरण का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सूपा क्रासिंग पर कार्य होने के कारण फाटक बंद करके वाहनों का किया गया रूट डायवर्जन

**अमृत विचार।** झांसी मानिकपुर रेल लाइन रेलवे के दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत बिछाई गई नई दोहरीकरण रेल लाइन पर ट्रेन का ट्रायल करने के लिए उपमुख्य अभियंता उत्तर मध्य रेलवे झांसी ने रेल लाइन दोहरीकरण का निरीक्षण कर जायजा लिया।

इस दौरान रविवार को सारा दिन निर्धारित समयानुसार बसों और अन्य वाहनों का आवागमन ठप रहा, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, वहीं तमाम वाहन रूट बदलकर चलते रहे।

गौरतलब है कि झांसी मानिकपुर ट्रैक पर सूपा रोड पर डबल रेल लाइन होने के कारण क्रासिंग बंद कर दी गई । कुलपहाड़ पनवाड़ी और राठ जाने वाले वाहनों को श्रीनगर के बेलाताल तिराहे से निकाला गया। चरखारी से श्रीनगर छतरपुर जाने वाले वाहन पुलिस लाइन तिराहा से होते हुए वाया महोबा से श्रीनगर छतरपुर निकले। थाना श्रीनगर से कुलपहाड़ पनवाड़ी व राठ जाने वाले वाहन बेलाताल पुलिस चौकी और थाना कुलपहाड़ से होकर गए। थाना कुलपहाड़ से थाना श्रीनगर जाने वाले वाहनों को वाया बेलाताल के रास्ता भेजा गया।

# योजना का पंजीयन 30 जून तक

**महोबा।** विद्युत वितरण खंड चरखारी के उपखंड अधिकारी अखिलेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर निजी निःशुल्क नलकूप कनेक्शन का लाभ किसानों को दिया जा रहा है, जिसके चलते 31 मार्च 2023 तक का किसानों का संपूर्ण बकाया भुगतवान हो चुका है उन्हीं किसानों को इस निःशुल्क कनेक्शन का लाभ दिया जाएगा।


ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ग्रामीणों से जानकारी करते हुए। अमृत विचार

# लोधीपुरा गांव की जल भराव समस्या निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, महोबा


जलभराव की समस्या पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

प्रकाशित खबर की कटिंग। अमृत विचार

- अमृत विचार की खबर का हुआ असर, मौके पर पहुंचे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि

**अमृत विचार।** विकासखंड पनवाड़ी लोधीपुरा गांव में जल भराव की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने ब्लाक प्रमुख पनवाड़ी से समस्या का निदान कराए जाने की मांग की थी साथ ही समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने हगामा भी काटा था। इस खबर को अमृत विचार अखबार ने 9 जून को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान लेते हुए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद उनका मौके पर ही निदान किया, जिससे ग्रामीणों ने खुशी जताई है।

ग्राम लोधीपुरा में जल भराव के चलते ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के दिनों में यहां के वाशिंदों का गांव से निकलना मुश्किल हो जाता है, इस बारे में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा कोई ध्यान न दिए जाने से ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने खबर प्रकाशित होने के बाद गांव पहुंचकर अपनी मौजूदगी में मार्ग के जल भराव को निकलवाकर आवागमन बहाल कराया। उन्होंने कहा कि जल्द ही पुलिया का निर्माण करा दिया जाएगा, जिससे ग्रामीणों की जल भराव की समस्या का स्थाई निराकरण हो जाएगा।

गौरतलब है कि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीप्रकाश अनुरागी की इस कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए ग्रामीण भी काफी खुश नजर आए। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान की अनदेखी के चलते जल भराव की समस्या और अधिक बढ़ गई है, लेकिन अमृत विचार समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने तत्काल समस्या का निराकरण कराया।

विवाह सम्मेलन

## शादी समारोह के मौके पर आयोजिन समिति ने किए बेहतर इंतजाम और जोड़ों को दिए उपहार

# मंसूरी समाज की 11 बेटियों ने शुरू किया नया जीवन


विवाह सम्मेलन में मौजूद दुल्हनें।


अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।


निकाह का प्रमाण पत्र दिखाते दूल्हे। अमृत विचार

संवाददाता बेलाताल, महोबा

**अमृत विचार।** आल इंडिया मंसूरी समाज का इज्तिमाई शादी सम्मेलन कस्बा जैतपुर के एक मैरिज हाउस में सम्पन्न हुआ। विवाह सम्मेलन में करीब 11 जोड़ों का निकाह कुबूल कराया गया। शादी समारोह के मौके पर दूल्हा और दुल्हन के परिजनों की भारी भीड़ जुटी। कार्यक्रम आयोजकों ने भी रूचि दिखाते हुए विवाह सम्मेलन में बेहतर इंतजाम करने के साथ दुल्हन को उपहार देकर विदा किया। वहीं विदाई के दौरान माहौल थोड़ी देर के लिए गमगीन हो गया।

शादी के जोड़ों में आसिफ महोबा संग सना चरखारी, जलील बलरामपुर संग फिजा खातून बेलाताल, रहीस दुलारा का खुशबू भटेवरा कला, शाहरूख खान रिछा का सानिया खातून भटेवरा कला, सुबराती कैंथी की शादी नौशीन जैतपुर सहित 11 दूल्हा दुल्हनों के निकाह कुबूल कराए गए। शादी समारोह के मौके पर मैरिज हाउस में दूल्हा दुल्हन दोनों पक्षों के लोगों के लिये खानपान की व्यवस्था भी की गईथी । सभी शादी के जोड़ों को मुख्य अतिथि डॉ करीम बख्श मंसूरी द्वारा उपहार दिये गये। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. करीम बख्श मंसूरी ने कहा कि मंसूरी समाज बहुत पिछड़ा हुआ समाज है, जिसके पास रोजगार के संसाधन न होने के कारण वो अपने बच्चों की शादी करने में असमर्थ होते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए आल इंडिया मंसूरी समाज प्रत्येक वर्ष शादी सम्मेलन का आयोजन करता है, जहां पर समाज के गरीब परिवारों की मदद की जाती है और उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाता है।

आल इंडिया मंसूरी समाज के मंडल अध्यक्ष रहीम बक्स मंसूरी ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पिछड़े समाज को जागरूक करना व उनका उत्साह वर्धन करना है। युवा पीढ़ी को शिक्षित बनाने और बुजुर्गो का सम्मान करने की प्रेरणा देना है। वहीं विशिष्ट अतिथि शरीफ मंसूरी ने फिजूल खर्चे को रोककर शिक्षा में खर्च करने एवं भाईचारा कायम रखने की अपील की है। आल इंडिया मंसूरी समाज के जिलाध्यक्ष राका मंसूरी एवं सम्मेलन अध्यक्ष शकील मंसूरी ने संयुक्त रूप से कहा कि सम्मेलन में आने वाले जोड़ों को खाने, ठहरने एवं उपहारों की व्यवस्था की गई थी, जिसमें फ्रिज, पंखा, बेड, सोफा, टीवी, सिलाई मशीन, गैस सिलेंडर, मिक्सी आदि उपहार स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन जावेद मंसूरी, हाजी आजाद मंसूरी एवं अकबर मंसूरी ने किया। वहीं संगठन के जिला महासचिव शब्बीर मंसूरी ने सभी आए हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान लगभग दो दर्जन पत्रकारों को संगठन की तरफ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंसार मंसूरी अध्यक्ष पसमांदा मुस्लिम समाज, यासीन मंसूरी कोषाध्यक्ष, अकबर मंसूरी व इलयास मंसूरी मीडिया प्रभारी, सरपरस्त बशीर निजामी, प्यार मोहम्मद सम्मेलन उपाध्यक्ष, जावेद मंसूरी मंडल उपाध्यक्ष, शहीद मोहम्मद खरेला, अजीज मंसूरी पूर्व जिलाध्यक्ष, मफत कमाल स्यांवन, अब्दुल हमीद ब्लाक अध्यक्ष, इदरीश एडवोकेट, गुलाम मोहम्मद कानूनी सलाहकार, हाफिज मोहम्मद कासिम, हमीद मंसूरी, अहीक मंसूरी, कदीर अहमद, बहीद मंसूरी, कदीर अहमद, हुसैन, लतीफ, आसिफ अली, शाकिर अली, हाजी छोटे खां आदि रहे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 174 मरीजों का हुआ इलाज

**सुमेरपुर।** विकासखंड क्षेत्र के आधा दर्जन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 174 मरीजों का उपचार किया गया। मेले में ज्यादातर मरीज जुकाम, बुखार, उल्टी दस्त से ग्रसित पाए गए। शासन के निर्देश पर रविवार को पौथिया, मौहर, कलौलीजार, पत्योरा, विदोखर, पचखुरा बुजुर्ग में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। जिसमें 174 मरीजों का उपचार किया गया। इसके अलावा कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मेले में 56 मरीजों का उपचार किया गया। चिकित्सक डॉ.परवेज कादरी ने बताया कि ज्यादातर मरीज जुकाम, सिर दर्द, बुखार, उल्टी दस्त से पीड़ित रहे। उन्होंने बताया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर मौजूद रहे।

### चोरों ने मकान में घुसकर जेवरात सहित नकदी पार की

**राठ(हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के बंगरा गांव में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए सोने चांदी के जेवरात और दो हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। गृहस्वामी ने जलालपुर थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। बंगरा गांव निवासी मनीष द्विवेदी ने जलालपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने मकान के अंदर घुसकर कमरे में रखे सोने चांदी के जेवरात व दो हजार की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 55.88 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक दुग्ध प्लांट

## नरैनी रोड पर 20 हजार ली. क्षमता के प्लांट लगाने को मिली झंडी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मंडल में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए शासन ने 55.88 करोड़ की लागत से बांदा नरैनी रोड पर 20 हजार लीटर क्षमता का आधुनिक दुग्ध प्लांट लगाए जाने के लिए हरी झंडी दे दी है। जिसमें चारों जनपदों चित्रकूट, बांदा, महोबा व हमीरपुर की कुल 800 दुग्ध समितियां (गांव) जोड़े जाएंगे। इससे 50 हजार से अधिक किसानों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

जिले में वर्ष 2011 में श्वेत क्रांति कार्यक्रम के तहत दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति लि.की स्थापना की गई थीं। स्थापना के समय मंडल में 800 व जिले के सातों ब्लॉकों में कुल 178 समितियां इससे जुड़ी थीं। उस समय समितियों में प्रतिदिन करीब पांच हजार लीटर दूध का उत्पादन होता था। धीरे-धीरे गांव में दूध मुहैया कराने व उत्पादों को दूध का भुगतान किए जाने में लापरवाही बरतने से समितियों



"मंडल स्तर पर कहीं भी डेयरी प्लांट नहीं है। जिसको देखते हुए शासन ने मंडल में एक दूध डेयरी प्लांट लगाए जाने की हरी झंडी दे दी है। आचार संहिता के चलते कार्य रुका हुआ था। जल्द ही इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस डेयरी प्लांट के लगने से करीब 50-60 हजार लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

रामशरन, उप दुग्ध अधिकारी

की संख्या कम होती चली गई। दूध उत्पादन कम होने व ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने के कारण जिले की करीब 132 समितियां ठप हो गईं। मौजूदा समय में मात्र 36 समितियों से प्रतिदिन 900 सदस्यों का करीब 770 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। यही हाल मंडल के अन्य जनपदों का भी है।

इन समितियों को फिर से एक बार सक्रिय करने व दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए शासन ने मंडल स्तर पर 55.88 करोड़ की लागत से 20 हजार लीटर क्षमता का आधुनिक दुग्ध डेयरी प्लांट लगवाए जाने के लिए स्वीकृति दे दी है। जिसके जगह का चिन्हांकन बांदा नरैनी रोड पर किया गया है।

जो वर्ष 2026 तक तैयार किया जाना है। साथ ही चारों जनपदों में ठप पड़ी समितियों को सक्रिय कर हर वर्ष 20 से 30 हजार लीटर दूध का उत्पादन किया जाएगा। प्लांट में तैयार होने से इसमें दूध के बने सारे उत्पाद तैयार किए जाएंगे। जिसमें दूध, छाछ, दही, मक्खन, पनीर, घी आदि तैयार कर खुले बाजार में आपूर्ति की जाएगी। इस डेरी प्लांट से चारों जनपदों चित्रकूट, बांदा, महोबा व हमीरपुर के 800 गांव या दुग्ध समितियां जोड़ी जाएंगी। जिनसे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से करीब 50 हजार से अधिक लोगों को घर बैठे रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे।

## केवाईसी कराने पर गैस सिलेंडर की होगी डिलीवरी

**हमीरपुर।** भारतीय पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी गैस सेलेंडर उपभोक्ताओं का केवाईसी कराना होगा। जिसके लिए 31 मई अंतिम तिथि निर्धारित थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते इसे बढ़ाकर 25 जून कर दिया गया है।

मुख्यालय के भारत गैस एजेंसी संचालक मनीष गोयल ने बताया कि भारतीय पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर मुख्यालय के सभी भारत गैस उपभोक्ताओं का केवाईसी कराया जाना है। बताया कि एजेंसी के 18 हजार गैस उपभोक्ता हैं। इनमें से अभी तक 1 हजार ने ही केवाईसी कराई है। शेष 17 हजार उपभोक्ताओं को केवाईसी होना बाकी है। पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा गैस उपभोक्ताओं को केवाईसी कराने के लिए बीते 31 मई अंतिम तिथि थी। लोकसभा चुनाव के चलते ज्यादातर उपभोक्ताओं ने अपनी केवाईसी नहीं कराई। जिस पर पेट्रोलियम मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को केवाईसी कराने के लिए 25 जून तक समय सीमा बढ़ा दी है। सभी उपभोक्ता गैस एजेंसी कार्यालय में आधार कार्ड लाकर केवाईसी करा लें। अन्यथा उन्हें गैस सिलेंडर की आपूर्ति में असुविधा हो सकती है।



सामूहिक विवाह सम्मेलन में मौजूद जोड़े। अमृत विचार

# प्रजापति सामूहिक विवाह सम्मेलन में 7 जोड़ों ने एक दूजे का थामा हाथ

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राठ कस्बे के चौपरा रोड स्थित भगवती पैलेस में 11वां प्रजापति सामूहिक विवाह महायज्ञ सम्मेलन में सात जोड़ों ने एक दूजे को वरमाला डाल अपना जीवन साथी चुना। सामूहिक विवाह समारोह में कमेटी के लोगों ने वर वधुओं को आशीर्वाद दिया।

शनिवार रात महाराजा दक्ष प्रजापति समाज सेवा समिति ने 11वां सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन कराया। जिसमें पिपरामाफ महोबा गांव की रानी ने टिकरिया राठ के राजकुमार के गले में जयमाला डालकर विवाह महायज्ञ की शुरुआत की।

इसके बाद इटैलियाबाजा की सुहागवती ने अकौना के राजकुमार, रूरीपारा की रीना देवी ने बिहुनीखुर्द के रामकुमार, चिल्ली की खिलमानिया ने बिवांर गांव के मदन कुमार, ममना गांव की विनीता ने एरा लोहागढ़ जिला झांसी के रामूकुमार, बांधुरबुजुर्ग की राधा ने लरौंद मौदहा के पुष्पेंद्र, गौरहारी महोबा की शिल्पी ने अमानपुरा महोबकंठ कुंवरलाल ने एक दूजे के गले में वरमाला डाल अपना जीवन साथी चुना। विदाई में वर वधुओं को समिति की ओर से उपहार भेंट किए गए।

इस दौरान अध्यक्ष गुड्डू ठेकेदार, महामंत्री रामऔतार प्रजापति, कोषाध्यक्ष पहलवान सिंह प्रजापति, शिवदीन प्रजापति, जगतराज प्रजापति, मुरलीधर, दयाराम प्रजापति, धनीराम प्रजापति, गोली प्रसाद प्रजापति, हरगोविंद प्रजापति, अशोक कुमार प्रजापति सहित कमेटी के लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। कमेटी की ओर से वर-वधु को उपहार भेंट किए गए।



ब्रह्मानंद महाविद्यालय में परीक्षा देते छात्र छात्राएं। अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं की नियुक्ति के लिए अमूल ने कराई परीक्षा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- 45 छात्र-छात्राओं का जॉब के लिए हुआ चयन

**अमृत विचार।** कस्बे के ब्रहमानंद महाविद्यालय में बनास कांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ पालनपुर गुजरात अमूल डेयरी की ओर से फील्ड सुपर वाइजर पद के लिए छात्र छात्राओं की कैंपस परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में सैकड़ों छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

रविवार की सुबह विक्रम भाई चौधरी जनरल मैनेजर बनास डेयरी और प्राचार्य डॉ.सुरेंद्र सिंह लोधी ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जनरल मैनेजर बनास डेयरी ने छात्र छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मानवेंद्र सिंह भदोरिया जोनल कानपुर जोन, अश्विन सिंह एवं धीरेंद्र सिंह लखनऊ ने कंपनी के बारे में सभी को विस्तार से बताया। डा.एसबी सिंह ने बताया कि यह कंपनी पूरे भारत में प्रतिदिन एक करोड़ लीटर दुग्ध एकत्रित करती है। उप्र में लगभग 20 लाख लीटर दूध का एकत्रीकरण करती है। यह कंपनी पूरे भारत में अपना विशेष स्थान रखती है। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रभारी करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल डा.सरजू नारायण ने बताया कि इस परीक्षा में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के 90 छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 45 छात्र छात्राओं का चयन मौखिक एवं ग्रुप डिसकशन के लिए किया गया। जिसका परिणाम 7 दिन बाद घोषित किया जाएगा। बताया कि चयनित छात्रों को प्रदेश के विभिन्न जिलों में सुपरवाइजर के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी। शुरुआत में वेतन 21 से 25 हजार रुपये प्रतिमाह होगा। इस दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डा.नरेश कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान ने कहा कि डेरी से संबंधित विभिन्न जानकारी छात्रों को दी। प्राचार्य प्रोफेसर डा.सुरेंद्र सिंह ने बताया कि ब्रहमानंद महाविद्यालय में अध्यनरत छात्रों का अभी तक सैकड़ों की संख्या में विभिन्न कंपनियों में कैंपस सेलेक्शन किया जा चुका है। यह महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। बीएससी एवं एमएससी अन्तिम वर्ष के छात्रों का डिग्री प्राप्त करने से पहले छात्रों के हाथ में जॉब होना एक बड़ी उपलब्धि है। डा.राकेश शर्मा, डा.अमित बिसेन, डा.ज्योतिर्मय साहू, दुर्गेश पटेल आदि प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइक व ई रिक्शा की भिड़ंत में बाइक सवार घायल

**सरीला(हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के बरगवां गांव के पास बाइक सवार व ई रिक्शा की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया है। क्षेत्र के इछौरा गांव निवासी नूतन द्विवेदी (35) पुत्र सिद्धपाल भेड़ी खदान में पोकलैंड मशीन चलाता है। रविवार सुबह बाइक से भेड़ी खदान जा रहा था। तभी सरीला ममना मार्ग पर बरगवां गांव के पास बाइक सवार और ई रिक्शा में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार नूतन के पैर में गंभीर चोट आने से फ्रैक्चर हो गया। सूचना पर पहुंचे डायल 108 एंबुलेंस चालक संदीप व ईएमटी सूर्यपाल ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, चालक की मौत

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** हमीरपुर राठ हाईवे पर रविवार दोपहर ललपुरा थाना के निकट स्पीड ब्रेकर में ईंटों से भरे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रक की ट्रैक्टर का चालक सीट से उछलकर सड़क पर जा गिरा और ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से निकल जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ललपुरा थाना क्षेत्र के मोंराकादर ग्राम पंचायत के मजरा ममरेजपुर निवासी मनोज कुमार निषाद (43) पुत्र केदार निषाद रविवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे अपना खुद का मकान बनाने के लिए अपनी टैक्टर ट्राली में घाटमपुर से ईंटा लेकर गांव जा रहा था। तभी राठ हाईवे पर ललपुरा थाना स्पीड ब्रेकर के पहले जैसे ही ट्रैक्टर चालक ने रफ्तार धीमी की। तभी हमीरपुर की ओर से जा रहे ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। इस जोरदार टक्कर से चालक ट्रैक्टर की सीट से उछलकर सड़क पर जा गिरा। इस बीच ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर चढ़ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी होते ही परिजनों में मातम छा गया। मृतक के दो पुत्र स्वपिनेश (17) व आशिक (12) उसकी मां व पत्नी भूरी का रो रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद चालक ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को थाने में खड़ा कराया है। थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने बताया कि घटना थाने के नजदीक ही हुई है। बताया कि ट्रैक्टर चालक ईटें लोड किए स्पीड से जा रहा था। ब्रेकर आते ही अचानक से ब्रेक लिया। वहीं पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर चालक ने भी ब्रेक मारा। तब तक दुर्घटना हो गई।



घटनास्थल पर खड़े क्षतिग्रस्त ट्रक व ट्रैक्टर ट्रॉली। अमृत विचार



राठ हमीरपुर मार्ग में हाईवे किनारे खड़ा ट्रक। अमृत विचार

### सड़क किनारे खड़े ट्रक व पड़ी मौरंग बन रहे मौत का कारण

**पौथिया।** ललपुरा थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे पकड़े गए खड़े ट्रक मौत कारण बन रहे हैं। थाने के पास दो दो मौतें हो चुकी है। ललपुरा के ग्रामीणों ने बताया थाने के सामने आरटीओ व खनिज अधिकारी द्वारा ट्रकों को पकड़ कर सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। वहीं सड़क किनारे पटरी पर मौरंग का ढेर व ईटा लगा है। वाहनों को पास लेने देने के चक्कर में अक्सर दुर्घटना घट रही। बताते चलें माह फरवरी में थाने के सामने खड़े ट्रक में इको कार जा घुसी थी। जिसमें एक मज़दूर की मौत हो गई थी। वहीं रविवार को ट्रैक्टर ट्राली में ट्रक द्वारा टक्कर मारने से ममरेजपुर निवासी मनोज कुमार की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने सड़क पर खड़े वाहनों को हटाने की मांग जिलाधिकारी से की है।



मनोज कुमार।

# क्राइस्ट, छोटेलाल एकेडमी के छात्रों का जेईई में जलवा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** रविवार को घोषित हुए जेईई एडवांस्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही कस्बे के सेठ छोटे लाल एकेडमी और क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के दो दो छात्रों ने बाजी मारी। छात्रों की इस कामयाबी पर स्कूल मैनेजमैंट ने बच्चों को बधाई दी। क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के मैनेजर एस धनबालन ने बताया कि स्कूल के छात्र सुयश कुमार गुप्ता ने 10999 रैंक और अनुज सिंह ने 7735 रैंक प्राप्त कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। वहीं सेठ छोटे लाल एकेडमी विद्यालय की कॉर्डिनेटर कृष्णा कुमारी ने बताया कि स्कूल के छात्र जयदीप विश्वकर्मा ने ओबीसी कैटेगरी में 3744 व हर्ष कुमार गुप्ता ने 16361 रैंक प्राप्त जिले का नाम रोशन किया है। बतादें कि इन दोनों छात्रों ने इस साल की सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की थी। छात्रों की इस कामयाबी पर सेठ छोटे लाल एकेडमी संस्था के प्रबंधक धीरेंद्र श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता एवं प्रधानाचार्य श्रीमती आशिया बुशरा व कोऑर्डिनेटर कृष्णा कुमारी, रसायन विज्ञान के प्रवक्ता दीपक तिवारी, अतिथि शिक्षक, उमेश कुमार, आलोक सोनी आदि ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशिया बुशरा ने छात्रों को लगन के साथ काम करने की बात कही।



क्राइस्ट कान्वेंट के सुयश कुमार गुप्ता।



जेईई एडवांस्ड में चयनित बच्चों को बधाई देते सेठ छोटेलाल एकेडमी की मैनेजमेंट टीम।



अनुज को मिठाई खिलाते एकेडमी के प्रबंधक अभिषेक गुप्ता।

## सार-संक्षेप

### दिल का दौरा पड़ने से सीआईएसएफ जवान की मौत

**हमीरपुर।** कानपुर जनपद सीमा में निर्माणाधीन नेवली विद्युत प्लांट में तैनात सीआईएसएफ जवान को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया। जनपद बागपत के सुनहरा गांव निवासी जसवीर सिंह (56) पुत्र खुशीराम सीआईएसएफ में तैनात थे। जो जिले की सीमा से लगे कानपुर जनपद में निर्माणाधीन नवेली विद्युत प्लांट में वर्ष 2021 से तैनात था। जिसे शनिवार शाम करीब छह बजे अचानक से दिल का दौरा पड़ गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे अजय ने बताया कि वर्ष 2022 में भी पिता को अटैक पड़ा था। बताया कि वर्ष 2021 से यहां तैनात थे। बताया कि वह बहन भाई हैं। दोनों विवाहित हैं। मां बालेश देवी का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर रविवार को परिजनों को सौंप दिया।



मृतक जसवीर सिंह की फाइल फोटो।

### ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे का विरोध महंगा पड़ा

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के लहरा गांव में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने से मना करने को लेकर दबंगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाक्षेत्र के लहरा गांव निवासी मुस्ताक मोहम्मद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे राजा पुत्र नूर हसन ग्राम समाज की जमीन में पिलर करा रहा था। जिसका उसके भाई इसाक मोहम्मद ने विरोध किया। इस पर वह गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। तभी शोर सुनकर उसके परिजन अली हसन पुत्र खैराती, सिकंदर पुत्र खैराती, अकरम पुत्र अली हसन, सलमान उर्फ लल्ला आए और एक राय होकर मारपीट करने लगे। वहीं बीच बचाव करने आए उसके पिता को भी आरोपियों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। जिससे उसके भाई व पिता को गंभीर चोटे आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ अकारण गाली गलौज मारपीट जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाबा शिव धाम समिति ने आयोजित किया नेत्र शिविर

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र शंकरपुर गांव में बाबा शिव धाम समिति द्वारा प्राचीन शिव मंदिर में नेत्र शिविर लगाया गया। जिसमें 19 लोग मोतियाबिंद के मिलने पर उनको सद्गुरु सेवा ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट ले जाया गया। 93 मरीजों को चश्मा व ड्रॉप का वितरण किया गया। शंकरपुर शिव मंदिर बाबा शिव धाम सेवा समिति द्वारा नेत्र शिविर लगाया गया है। जिसमें 19 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए। जिनको सद्गुरु सेवा टेस्ट जानकी कुंड चित्रकूट निशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा गया। वहीं 93 लोगों को चश्मा व ड्रॉप का वितरण किया गया। बाबा शिव धाम सेवा समिति शंकरपुर के अध्यक्ष गणेश तिवारी ने बताया कि समिति द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन प्राचीन मंदिर शिव धाम में कराया गया है। नेत्र शिविर समिति के पदाधिकारी छोटे, राजा, पिंटू सिंह, अशोक कुमार आदि लोगों का सहयोग रहा।

### गुटखा खाने से मना करने पर युवती ने खाया जहर

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव में गुटखा खाने से मना करने पर नाराज युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला को समाप्त करने का प्रयास किया। जिसके बाद मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उसे कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कुम्हरिया गांव की निवासी गीता पुत्री देवीचरन ने गुटखा खाने को लेकर घर के परिजनों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर अपनी जान देने का प्रयास किया। जिसके बाद गीता की हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने उसे तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

**हालात खराब** — एक्सईएन व जेई ने टीम बनाकर कस्बे में चलाया चेकिंग अभियान, लोगों में अफरातफरी मची

# ओवरलोडिंग से कस्बा, ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था चरमराई

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और ओवरलोड के चलते कस्बा सहित विद्युत उपकेंद्र से जुड़े गांवों में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। जिससे विद्युत कर्मचारी और अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं। कस्बा और क्षेत्र में विद्युत सप्लाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए रविवार से अधिशासी अभियंता और अवर अभियंता ने टीम बनाकर कस्बा में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। जिसके चलते लोगों में अफरातफरी मच गई।

राठ के अधिशासी अभियंता राजकुमार राव और अवर अभियंता वैष्णव कुमार के साथ पूरी टीम ने रविवार सुबह तड़के कस्बे में विद्युत चोरी एवं ओवरलोड की चेकिंग का अभियान चलाया। जिससे कस्बावासियों में अफरातफरी मच गई। विद्युत चोरी कर रहे लोग सुबह से ही अपनी-अपनी डोरियां (केबिल) निकलते नजर आए। एक्सईएन ने बताया कि कस्बा और उपकेंद्र से संचालित गांवों में विद्युत चोरी एवं ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। केबिलें पिघल रही हैं। जिससे आपूर्ति बाधित हो रही है। बताया कि रविवार को कस्बे में 6 लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा है। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

चार लोगों के मीटर अनुसार लोड बढ़ाकर भविष्य में ओवरलोड का इस्तेमाल न करने की नसीहत दी है। वहीं अवर अभियंता ने बताया कि यदि ओवरलोड और विद्युत चोरी बंद हो जाए तो फॉल्ट एवं ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या से निजात मिल जाएगी। इसी को लेकर यह चेकिंग अभियान जारी रहेगा और विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया कि रविवार को मस्जिद चौराहा, मुख्य बाजार, डाकखाना तिराहा और छह थोक, पुरवा मोहाल में विद्युत चेकिंग की गई है। जो कि आगे भी जारी रहेगी।



मुस्करा कस्बे में चेकिंग अभियान चलते बिजली के अधिकारी व कर्मचारी।



जर्जर हो चुका बिजली का खंभा।

### हाई टेंशन लाइन का जर्जर पोल दे रहा हादसे को दावत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** शिकायतों के बाद भी विद्युत विभाग कस्बे के गायत्री तपोभूमि प्रांगण में गायत्री कुंज वाटिका के बाहर लगा हाइटेंशन लाइन का जर्जर विद्युत खंभा नहीं बदला गया है। इससे यहां कभी भी हादसा हो सकता है। कस्बा निवासी पवन टेलर, संतोष कुशवाहा, बदलू प्रसाद, शिवकुमार, राखी, रमा, मंजू, रामप्रकाश सविता, मीना आदि ने बताया कि तपोभूमि में गायत्री कुंज वाटिका के बाहर हाईटेंशन लाइन का जर्रर विद्युत पोल किसी भी वक्त बड़े हादसे का शिकार हो सकता है। लोगों का कहना है कि वह कई बार विद्युत विभाग को जर्जर पोल बदले जाने के लिए अवगत कराकर हादसा होने की आशंका जाहिर कर चुके हैं। इसके बाद भी विद्युत विभाग ने इस जर्जर पोल को बदलने में जहमत नहीं उठाई है। विद्युत वितरण उपखंड के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि ठेकेदार को विद्युत पोल बदलने के निर्देश दिए गए हैं। अगले सप्ताह तक इसको बदल दिया जाएगा।

